प्रादेशिक समाचार

दिनांक– 18.02.2025 (दोपहर–1310 बजे)

मुख्य समाचार

1. मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में आज शाम चार बजे होगी राज्य मंत्रिपरिषद की बैठक, प्रदेश हित में कई प्रस्तावों को मिल सकती है स्वीकृति।
2. 24 फरवरी से शुरु हो रहे विधानसभा के बजट सत्र की तैयारियां अंतिम चरण में, विधानसभा अध्यक्ष रबीन्द्र नाथ महतो ने बुलायी संबंधित विभागों के पदाधिकारियों की बैठक।
3. मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन आज रांची विज्ञान केन्द्र के नव प्रवर्तन केन्द्र का करेंगे शुभारंभ, नगर सेवा संवर्ग के दो सौ नवासी अभ्यर्थियों को सौंपेंगे नियुक्ति पत्र।
4. परीक्षा पे चर्चा के नये संस्करण में आज विभिन्न बोर्ड और परीक्षाओं के कई टॉपर ने अपने विचार और सुझाव किये साझा, स्कूली छात्रों को परीक्षा के तनाव और चिंता को दूर करने के सिखाये गुर।
5. खूंटी में अफीम की अवैध खेती के खिलाफ चलाया जा रहा है व्यापक जागरुकता अभियान, किसानों का रुख वैकल्पिक खेती की ओर करने के लिए पुलिस ने श्रमदान कर तैयार किया माइक्रो बांध।

*******************

राज्य मंत्रिपरिषद् की बैठक आज शाम चार बजे से होगी। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में रांची के प्रोजेक्ट भवन में आयोजित इस बैठक में लोकहित में विभिन्न विभागों के कई प्रस्तावों को मंजूरी दी जा सकती है। विश्वस्त सूत्रों के मुताबिक बैठक में जेपीएससी अध्यक्ष की नियुक्ति पर भी मुहर लग सकती है।

*******************

झारखंड विधानसभा का बजट सत्र 24 फरवरी से शुरु हो रहा है। इस सिलसिले में आज विधानसभा अध्यक्ष रबीन्द्र नाथ महतो संबंधित विभागों के वरीय पदाधिकारियों के साथ बैठक कर रहे हैं। बैठक में सत्र को लेकर इन पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये जायेंगे।

*******************

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन आज रांची विज्ञान केन्द्र के नव प्रवर्तन सेंटर का शुभारंभ करेंगे। इसके साथ ही वे झारखंड अनुसंधान एवं नवाचार नीति–2025 को लेकर आयोजित राज्यस्तरीय कार्यशाला में भी शामिल होंगे। श्री सोरेन राज्य में शैक्षणिक सुविधाएं बढ़ाने के लिए उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग की ओर से तैयार छह पोर्टल भी लॉन्च करेंगे। वे नगर सेवा संवर्ग के दो सौ नवासी अभ्यर्थियों को आज नियुक्ति पत्र भी सौंपेंगे।

*******************

दिल्ली स्टेशन पर शनिवार रात भगदड़ के बाद झारखंड में विशेष सतर्कता बरती जा रही है। इस सिलसिले में कोडरमा में उपायुक्त मेघा भारद्वाज और पुलिस अधीक्षक अनुदीप सिंह ने रेलवे स्टेशन का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने यात्रियों की सुविधाओं और सुरक्षा का जायजा लिया और आवश्यक निर्देश दिये। निरीक्षण से पहले जिला प्रशासन और रेल प्रशासन के बीच एक बैठक भी हुई, जिसमें यात्रियों की सुरक्षा के मद्देनजर कई निर्णय लिए गए। उपायुक्त ने यात्रियों से संयम पूर्वक ट्रेन में सफर करने की अपील की।

*******************

पश्चिम सिंहभूम जिले में खनिज फाउंडेशन ट्रस्ट के शासी निकाय ने पर्यावरण संरक्षण और अवैध खनन पर रोक लगाने के लिए कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए हैं। चाईबासा के कोल्हान विश्वविद्यालय सभागार में आयोजित शासी निकाय की बैठक में राज्य के भू राजस्व परिवहन एवं निबंधन विभाग के मंत्री दीपक बिरुवा शामिल हुए। बैठक में जिला खनिज फाउंडेशन ट्रस्ट की राशि को ग्राम सभा के माध्यम से खर्च करने पर जोर दिया गया।

*******************

आज परीक्षा पे चर्चा के नये संस्करण में स्कूली छात्रों में परीक्षा के तनाव, चिंता को दूर करने और दबाव में शांत रहने के बारे में विभिन्न बोर्ड और परीक्षाओं के कई टॉपर के विचार और सुझाव साझा किए किये गये। परीक्षा योद्धाओं ने अपने अनुभव साझा करते हुए बताया कि कैसे उन्होंने परीक्षा के तनाव और चिंता को सफलतापूर्वक दूर किया है।

*******************

देवघर में महाशिवरात्रि के मद्देनजर सुरक्षा व्यवस्था को लेकर नगर आयुक्त रोहित सिन्हा की अगुवाई में प्रशासनिक व तकनीकी टीम ने निर्धारित रुटलाइन का निरीक्षण किया। नगर आयुक्त ने टावर चौक के समीप दो दुकानदारों और शीतला मंदिर के समीप के एक दुकानदार को 48 घंटे के अंदर जर्जर मकान व भवन को खाली करने का निर्देश दिया। टीम में शामिल सहायक नगर आयुक्त गौरव कुमार ने बताया कि पब्लिक सेफ्टी को देखते हुए जर्जर दुकानों को चिह्नित किया जा रहा है।

*******************

सरायकेला खरसावां जिले में आयुष्मान भारत योजना का प्रभावी क्रियान्वयन के लिए कई कदम उठाये जा रहे हैं।

*******************

खूंटी जिले में पुलिस एक तरफ अवैध अफीम की खेती के खिलाफ व्यापक अभियान चला रही है तो दूसरी ओर किसानों के लिए वैकल्पिक खेती का विकल्प भी तैयार करने में जुटी है। जिले के मुरहू थाना क्षेत्र की गनालोया पंचायत अंतर्गत मडगांव में किसानों को सिंचाई सुविधा उपलब्ध कराने के लिए पुलिस ने ग्रामीणों और सेवा वेलफेयर सोसाईटी को साथ मिलकर बोरियों में बालू मिट्टी भरकर माइक्रो बांध का निर्माण किया है। इसमें एसपी अमन कुमार, सार्जेंट मेजर सोना राम सोरेन समेत अन्य पुलिसकर्मियों ने श्रमदान किया। एसपी अमन कुमार ने कहा कि जिला पुलिस चाहती है कि खूंटी के किसानों का वैकल्पिक खेती की ओर रुझान बढ़े।

*******************

खूंटी महिला थाने की पुलिस द्वारा एक नाबालिग युवक को पीटने के मामले में एसपी ने सब इंस्पेक्टर संतोष रजक को सस्पेंड कर दिया है। उन्होंने पूरे मामले की जांच के आदेश दिए हैं। हेडक्वार्टर डीएसपी अखिल नीतीश कुजूर को दो दिनों के भीतर जांच रिपोर्ट सौंपने का निर्देश दिया गया है। एसपी ने कहा कि जांच के बाद पिटाई करने वाले सब इंस्पेक्टर के खिलाफ विभागीय कार्रवाई शुरु की जायेगी।

*******************

राज्य में पश्चिमी विक्षोभ और राजस्थान के ऊपर बन रहे साइक्लोनिक सर्कुलेशन का असर दिखने लगा है। इस वजह से मौसम में परिवर्तन का अनुमान व्यक्त किया गया है। मौसम विज्ञान केन्द्र रांची के निदेशक अभिषेक आनंद ने बताया कि आज से आसमान में बादल छायेंगे और अगले दो दिन राज्य के विभिन्न हिस्सों में बारिश हो सकती है। इस दौरान वज्रपात का येलो अलर्ट जारी किया गया है।

*******************

भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड –बीसीसीआई ने आगामी चैंपियंस ट्रॉफी 2025 के लिए भारतीय पुरुष टीम की जर्सी का अनावरण किया है। सोशल मीडिया पोस्ट में बीसीसीआई ने भारतीय खिलाड़ियों की जर्सी दिखाते हुए तस्वीरें साझा की हैं। रोहित शर्मा की अगुआई वाली टीम अपनी सिग्नेचर ब्लू जर्सी में नज़र आएगी, जिसके दोनों कंधों पर तिरंगा और दाईं ओर चैंपियंस ट्रॉफी का लोगो होगा।

*******************